1800 medicare
1800 633 422

1800MEDICARE – 24/7 नि:शुल्क स्वास्थ्य सलाह और सही समय पर सही देखभाल के लिए संपर्क सुविधा।

1800MEDICARE क्या है?

विशेषज्ञों द्वारा दी गई स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और सलाह तक - 24/7 पहुँच और सही समय पर सही देखभाल से जुड़ने के लिए 1800MEDICARE एक निःशुल्क फ़ोन लाइन (1800 633 422), वेबसाइट और ऐप है। 1800MEDICARE ऑस्ट्रेलिया में सभी के लिए सुलभ और निःशुल्क है, चाहे आप कहीं भी रहते हों – चाहे दिन हो या रात।

1800MEDICARE प्रदान करता है:

1800MEDICARE फ़ोन लाइन | 1800 633 422

ऑस्ट्रेलिया में कोई भी स्वास्थ्य संबंधी सलाह और सहायता के लिए 1800 633 422 पर निःशुल्क फ़ोन कर सकता है – चाहे आप अपने लिए, किसी बच्चे, बड़ी आयु के किसी रिश्तेदार, या किसी ऐसे व्यक्ति के लिए फ़ोन कर रहे हों जिसकी आप देखभाल करते हैं। जब आप 1800MEDICARE पर फ़ोन करते हैं तो आप अपनी स्वास्थ्य संबंधी चिंता के बारे में एक पंजीकृत नर्स से बात करेंगे। नर्स आपके लक्षणों के बारे में पूछेगी और आपको सही देखभाल के लिए मार्गदर्शन करेगी, चाहे वह घर पर आपकी देखभाल करने के बारे में हो या आपके क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा जैसे जीपी, मेडिकेयर अर्जेंट केयर क्लिनिक, फ़ार्मेसी या आपातकालीन विभाग से सहायता प्राप्त करनी हो।

1800MEDICARE वेबसाइट | medicare.gov.au/1800-translated-resources

वेबसाइट पर आप यह कर सकते हैं:

- फ़ोन लाइन पर फ़ोन करें (अपने मोबाइल से)
- अपने लक्षणों की जाँच करें
- अपने आस-पास स्वास्थ्य सेवाएँ खोजें
- दवाओं के बारे में जानकारी देखें
- या अन्य मेडिकेयर सेवाओं के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करें

1800MEDICARE app (ऐप)

1800MEDICARE ऐप महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जानकारी देखने का एक सुरक्षित और सुविधाजनक तरीका है जिसे आपने, आपके स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने वालों या प्रतिनिधियों ने माई हेल्थ रिकॉर्ड पर अपलोड किया है। यह ऐप 1800MEDICARE फ़ोन सेवा का पूरक है और स्वास्थ्य सलाह और जानकारी प्राप्त करने का एक सुविधाजनक माध्यम प्रदान करता है। आप इस ऐप को अपने फ़ोन या टैबलेट पर डाउनलोड कर सकते हैं – यह तेज़, आसान और सुरक्षित है – और आप अपने फ़ोन या टैबलेट के माध्यम से ही इसकी सभी सुविधाओं का उपयोग कर सकते हैं और उन्हें साझा कर सकते हैं। ऐप्लिकेशन को सेट अप करने में मदद के लिए, www.digitalhealth.gov.au/1800MEDICAREapp पर जाएँ।

अधिक जानकारी

1800MEDICARE के बारे में अधिक जानने और सही समय पर सही देखभाल खोजने के लिए:

- 1800MEDICARE को 1800 633 422 पर फ़ोन करें
- यदि अँग्रेजी आपकी मुख्य भाषा नहीं है और आपको दुभाषिए की आवश्यकता है, तो आप टिस नेशनल (TIS National) को 131 450 पर फ़ोन कर सकते हैं और 1800MEDICARE या 1800 633 422 पर बात करवाने के लिए कह सकते हैं
- medicare.gov.au/1800-translated-resources पर जाएँ
- 1800MEDICARE ऐप डाउनलोड करें।

किसी आपात स्थिति में, हमेशा ट्रिपल ज़ीरो (000) पर फ़ोन करें या सीधे अपने निकटतम आपातकालीन विभाग में जाएँ।